पाठ के उद्देश्य
- घर का महत्व बताना
- भाषा-ज्ञान बढ़ाना

5 गोलू का घर

गोलू एक छोटा-सा प्यारा घोंघा था। वह एक बगीचे में रहता था। उसका बगीचा सूख गया था। इसलिए गोलू को दूसरी जगह जाना पड़ा।

उसने सोचा, नई जगह सबसे न्यारी होनी चाहिए। मैं अब सबसे न्यारी जगह पर रहूँगा। उसके जैसी जगह कहीं और नहीं होगी। यह सोचकर गोलू नई जगह ढूँढ़ने चल दिया।

चलते-चलते वह एक बड़े से बगीचे में पहुँचा। वहाँ सुंदर-सुंदर फूल और कई तरह के पेड़-पौधे थे। पेड़-पौधों की हरी-हरी पत्तियाँ देखकर गोलू खुश हो गया। उसे लगा कि अब उसे नई जगह मिल गई है। उसे अब बहुत दूर भी नहीं जाना पड़ेगा। फिर वह पौधों की पत्तियाँ खाने लगा। उसे पत्तियाँ बहुत स्वादिष्ट लगीं। चटखारे लेकर उसने कई पत्तियाँ खा डालीं।

अध्यापन संकेत : बच्चों से घोंघे के बारे में बातचीत करें। पूछें–घोंघे कहाँ रहते हैं? सबसे ज़्यादा घोंघे किस मौसम में दिखाई देते हैं?

Scanned with CamScanner

एक दिन बगीचे में अंकिता और यश खेल रहे थे। तभी उनकी माँ उन्हें बुलाने आईं। अचानक माँ की नज़र पत्तियों पर पड़ी। उन्हें बहुत क्रोध आया। वे ज़ोर से चिल्लाईं–"इन पत्तियों को किसने खाया है?"

माँ की आवाज़ सुनकर गोलू डर गया। वह एक पत्ती के नीचे छिप गया, जिससे कोई उसे देख न सके। गोलू बहुत देर तक उस पत्ती के नीचे छिपा रहा। थोड़ी देर बाद माँ अंकिता और यश को लेकर अंदर चली गईं।

फिर गोलू जल्दी से बाहर आया। वह समझ गया कि यह जगह सुरक्षित नहीं है। वह उस बगीचे को छोड़कर चल दिया।

Scanned with CamScanner

धीरे-धीरे रेंगता हुआ गोलू अब सेब के बाग में पहुँचा। वहाँ मीठे-मीठे सेब लगे थे। वह सेब के पेड़ की पत्तियों को खाने के लिए उतावला होने लगा। पर वह माली की बड़ी-बड़ी मूँछें देखकर डर गया और आगे चल दिया।

कुछ दूर जाकर उसे खूब सारे पेड़-पौधे दिखाई दिए। तभी अचानक उसे पानी की छप-छप आवाज़ सुनाई दी। गोलू खुश होकर तेज़ी से उधर चल दिया। वहाँ उसे सुंदर झरना दिखाई दिया। झरने के आसपास खूब सारे पेड़-पौधे और फूल थे। वहाँ उसे अपने जैसे कई मित्र भी मिल गए।

गोलू बहुत खुश हुआ। अब उसे वहाँ से कहीं नहीं जाना पड़ेगा। उसे एक न्यारी जगह मिल गई थी।

Scanned with CamScanner

नए शब्द

न्यारी – अनोखी
स्वादिष्ट – स्वाद से भरा हुआ
चटखारे लेना – स्वाद लेना
क्रोध – गुस्सा
सुरक्षित – ठीक-ठाक
उतावला होना – जल्दी करना

अभ्यास

श्रुतलेख

Listening and Writing Skills

घोंघा	न्यारी	पत्तियाँ	स्वादिष्ट	क्रोध	चिल्लाईं
सुरक्षित	उतावला	मूँछें	अचानक	आवाज़	झरना

पाठ की बात

Comprehension Skills

1. नीचे दिए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

मौखिक

(क) गोलू कौन था?

(ख) गोलू कहाँ रहता था?

(ग) गोलू कैसी जगह जाना चाहता था?

लिखित

(क) बगीचे में कौन खेल रहे थे?

____

____

(ख) गोलू कहाँ छिप गया?

____

____

Scanned with CamScanner

(ग) गोलू सेब के पेड़ की पत्तियाँ क्यों नहीं खा सका?

____

____

(घ) गोलू को अपनी न्यारी जगह कैसे मिली?

____

____

____

2. सही उत्तर चुनकर (✓) लगाइए।

(क) गोलू एक पत्ती के नीचे क्यों छिप गया?

- क्योंकि वह दिखाई नहीं देगा तो सुरक्षित रहेगा। ◯
- क्योंकि पत्ती का निचला भाग बहुत स्वादिष्ट था। ◯

(ख) गोलू नई जगह क्यों जाना चाहता था?

- क्योंकि उसे बार-बार जगह बदलने का शौक था। ◯
- क्योंकि उसका बगीचा सूख गया था। ◯

भाषा की बात

Language and Vocabulary Skills

1. सही शब्द चुनकर खाली स्थान पूरे कीजिए।

(क) गोलू को पत्ती बहुत स्वादिष्ट ________। (लगी/लगीं)

गोलू को पत्तियाँ बहुत स्वादिष्ट ________।

(ख) उसे खूब सारे पेड़-पौधे दिखाई ________। (दिए/दिया)

उसे पौधा दिखाई ________।

2. नीचे दिए शब्दों को शुद्ध करके लिखिए।

फुल – फूल   बगिचा – ________

नयारी – ________   अवाज़ – ________

Scanned with CamScanner

3. समान अर्थवाले शब्दों पर गोला ◯ लगाइए।

मित्र	– आदमी	दुश्मन	(दोस्त)
प्यारी	– अनोखी	नई	न्याय
क्रोध	– प्यार	गुस्सा	हँसी
बगीचा	– उपवन	मैदान	पाठशाला
खुश	– उदास	प्रसन्न	दुखी

4. पढ़िए और समझिए।

र को कई तरह से लिखा जाता है।

दूर	र् + अ = र	ड्रम	ड् + र = ड्र
प्रसन्न	प् + र = प्र	कार्य	र् + य = र्य

अब दिए गए शब्दों में 'र' का सही रूप लिखिए।

प्रणाम	राष्ट	धैय	पाण
वषा	मेटो	गव	भम
कोध	धम	टक	पेम

मूल्यपरक प्रश्न

Life Skills

1. गोलू माली की बड़ी-बड़ी मूँछें देखकर डर गया। आप क्या-क्या चीज़ें देखकर डर जाते हैं? हमें उनसे क्यों नहीं डरना चाहिए।
2. हम अपने घर को सुरक्षित रखने के लिए क्या-क्या करते हैं?

सोच-समझ की बात

Thinking and Application Skills

1. आप कौन-कौन सी चीज़ें चटखारे लेकर खाते हैं? किन्हीं पाँच चीज़ों के नाम बताइए।

Scanned with CamScanner

2. दूरदर्शन के डिस्कवरी चैनल पर विभिन्न जीव-जंतुओं से संबंधित कार्यक्रम देखिए और उनके बारे में कक्षा में चर्चा कीजिए।

3. कौन क्या खाएगा?

नीचे दी गई चीज़ें खानेवाले जीव-जंतुओं के नाम ढूँढ़कर सही जगह पर लिखिए।

घास-पत्ती

____

____

____



कीड़े-मकोड़े

____

____

____

छोटे पशु

____

____

____



बकरी	मेंढक	लोमड़ी	छिपकली	
भेड़िया	चमगादड़	गाय	शेर	भैंस

Scanned with CamScanner

कुछ करने की बात

1. चित्रों की सहायता से शब्द-सीढ़ी पूरी कीजिए।



2. थर्मोकोल के छोटे-छोटे टुकड़े घोंघे के चित्र में चिपकाइए।



Scanned with CamScanner